# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 05.08.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें भूमि विवाद 03, पारिवारिक विवाद 09, तथा शेष 08 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई तथा सभी आरक्षियों को उनके कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों एवं पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 05.08.2026 को पुलिस लाइन  सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान महोदय ने सभी आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व को समझाते हुए जनता के साथ शालीनता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिए। महोदय ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को फील्ड में ईमानदारी और निष्ठा के साथ लागू करें, जिससे जनपद में कानून व्यवस्था और पुलिस की छवि और बेहतर हो सके। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना शोहरतगढ़ कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम लेदवा में दिव्यांगजन के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत आज दिनांक 05.08.2026 को थाना स्थानीय के ग्राम लेदवा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान दिव्यांगजन से संपर्क कर हाल-चाल पूछते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में बताया गया तथा पुलिस की मदद हेतु टोल फ्री नंबर के संबंध में बताया गया। उपस्थित लोगो को सीपीयू टीम का नम्बर उपलब्ध कराया गया। किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना कपिलवस्तु कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम लोधपुरवा में वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में जनसंवाद/गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा उनकी समस्याओं के संबंध मे जानकारी प्राप्त की गयी व कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु के कुशल नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 05/08/2026 को थाना कपिलवस्तु के ग्राम लोधपुरवा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिको सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है, तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **थाना भवानीगंज कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बनगवानानकार में भ्रमणशील होकर वरिष्ठ नागरिको/दिव्यांगजन के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में व विजयशंकर सिंह थानाध्यक्ष भावानीगंज के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 05.08.2026 को थाना भवानीगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बनगवानानकार में भ्रमणशील होकर जनसंवाद किया गया। बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांग व्यक्तियों के साथ बैठकर/भ्रमणशील रहकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राम शब्द यादव

02.का0 रवि जायसवाल

03.रि0म0आ0 निहारिका सिंह

# <u>प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

**◆ थाना त्रिलोकपुर कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सरौथर कठौतिया में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों से भेंट कर उनकी समस्याओं के संबंध में पूछताछ की गई तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.08.2026 को हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर के नेतृत्व में थाना त्रिलोकपुर कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सरौथर कठौतिया मे कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी के दौरान ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना त्रिलोकपुर-**

1.उ0नि0 गणेश कुमार

2.आरक्षी लालबाबू निषाद

3.रि0आ0 अमित मिश्रा

4.रि0म0आ0 मनीषा सिंह

# <u>प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

**◆थाना गोल्हौरा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम विशुनपुर मे वरिष्ठ नागरिको/दिव्यांगजन के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं के संबंध मे जानकारी प्राप्त की गयी व कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गयी।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष रामदेव की नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 05/08/2026 को थाना गोल्हौरा कम्युनिटी पुलिसिंग टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम–विशुनपुर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिक एवं दिव्यांग जन से उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**◆थाना मिश्रौलिया कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गौरडीह व कलन्दरडीह में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों से भेंट कर उनकी समस्याओं के संबंध में पूछताछ की गई तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं प्रवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 05.08.2026 को थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम गौरडीह व कलन्दरडीह में भ्रमणकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय व उससे अधिक कुल 04 बुजुर्ग नागरिक व 01 दिव्यांग व्यक्तिय के साथ बैठकर व भ्रमण कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया ।

ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना मिश्रौलिया-**

1.उ0नि0 धर्मराज

2.रि0म0आ0 नंदनी

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना खेसरहा कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम देवरी में दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत आज दिनांक 05.08.2026 को थाना स्थानीय के ग्राम देवरी में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क कर हाल-चाल पूछते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में बताया गया तथा पुलिस की मदद हेतु टोल फ्री नंबर के संबंध में बताया गया। उपस्थित लोगो को सीपीयू टीम का नम्बर उपलब्ध कराया गया। किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

**कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) टीम थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर -**

1. उ0नि0 वीरेंद्र सिंह
2. हे0का0 राहुल सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान एवं मिशन मजनू के तहत थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कम्पोजिट उच्च माध्यमिक विद्यालय रमवापुर कली में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.08.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामदेव थाना गोल्हौरा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर मिशन मजनू, एण्टीरोमियो चेकिंग की गई तथा ग्राम मधुबेनिया में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 रामनाथ यादव
2.उ0नि0 दीनदयाल सिंह
3.मु0आ0 विनोद कुमार
4.आ0 मनीष वर्मा
5.म0आ0 बबिता सिंह, म0 आ0 चाँदनी मिश्रा

## प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के करौदा खालसा में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.08.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम करौदा खालसा में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 बबुना यादव
02.रि0म0आ0 बिन्दु निषाद

# <u>प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

**◆थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत एम आर मेमोरियल पब्लिक स्कूल मैनिहवा मे जन चौपाल लगाकर उपस्थित बालक, बालिकाओं को जागरूक किया गया व जागरुकता अभियान के पोस्टर चस्पा किये गये।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समय के नेतृत्व में आज दिनांक 05.08.2026 को "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0 "/ मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन मिशन शक्ति एम आर मेमोरियल पब्लिक स्कूल मैनिहवा थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण का "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान " उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन के तहत बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित एकत्रित महिलाओ की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया जिसमें लगभग 35 महिलाएं व बालिकाएं उपस्थित रहीं जिनके द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो/बाजारो/कोचिंग संस्थान व को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन/ यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन/ 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन/ 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन / 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए)/ 101 अग्निशमन हेल्पलाइन/ 1930 साइबर हेल्पलाइन/ 14567 एल्डर हेल्पलाइन/ 9454458050 थाने का सीयूजी नंबर / 9454408325 सीयूजी नंबर मिशन शक्ति केन्द्र से सम्बन्धित सेवाओं व बृहद स्तर पर चलाये जा रहा "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान " सम्बन्धी अभियान के तहत शून्य एफआईआर' (Zero FIR) की अवधारणा, E-FIR, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान(कवच परियोजना), नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एंव हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत नारी सुरक्षा एवं स्वालंबन के लिए समर्पित थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के खरगवार में बालिकाओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरुक कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी गयी एवं ऑपरेशन मजनू के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत आज दिनांक 05.08.2026 को थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम खरगवार की बालिकाओं/ महिलाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व ऑपरेशन मजनू के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजकुमार यादव
02.हे0का0 अविनाश सिंह
03.म0का0 उर्मिला देवी
04.म0का0 साक्षी सिंह
05.म0आ0 अनीता

**प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना मोहाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सिकरी बाजार में मिशन मजनू/साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 05.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के सिकरी बाजार में मिशन मजनू के तहत महिलाओं व बच्चियों को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 सुनील कुमार सिंह
2.उ0नि0 जयमाल
3.रि0म0आ0 काजल अग्रहरि

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के राजकीय बालिका इन्टर कालेज सिद्धार्थनगर में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 05.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय थाना व जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के राजकीय बालिका इन्टर कालेज सिद्धार्थनगर की बालिकाओं को बहु-बेटी सम्मेलन के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया उनको जागरूक किया तथा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना व जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उप निरीक्षक पन्नी लाल शर्मा, का0 शुभम रावत, महिला आरक्षी अनीशा सरोज, महिला आरक्षी स्नेहा मिश्रा।

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा दो मासूम बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 05.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व सुवेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युजय पाठक के नेतृत्व में मिशन शक्टि टीम द्वारा बांसी नगर पालिका क्षेत्र के पंतनगर निवासी शेषमणि द्वारा थाने पर सूचना दी गयी कि उनकी 04 वर्षिय पुत्री सोनम और 02 वर्षिय पुत्र शिवम संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गए थे। इस सूचना पर थाना बांसी मिशन शक्ति टीम बच्चों की तलाश में जगह-जगह सघन चेकिंग व खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस द्वारा तलाश के दौरान दोनों मासूम बांसी रोडवेज बस स्टैंड पर घूमते हुए मिल गए। पुलिस टीम ने तुरंत दोनों बच्चों को अपनी सुरक्षा में लिया और उनके परिजनों को सूचित किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने सोनम और शिवम को उनकी माता-पिता की सुपुर्द किया गया तथा परिजनो द्वारा किये गये मानवीय कार्य की स्थानीय नागरिकों व परिजनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना लोटन पुलिस व एंटी थेफ्ट टीम द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का किया गया अनावरण, चोरी का सामान व मोटरसाइकिल बरामद।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशांत कुमार अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर, के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष थाना कोतवाली लोटन हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व मे मु0अ0सं0 72/2026 धारा 305(e), 331(4), 317(2) BNS व 4/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त को आज दिनांक 05.08.2026 को वहदग्राम कौलपुर ग्रांट बंधा मार्ग से गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**बरामदगी का विवरण –**

1. एक अदद एच.पी. गैस सिलेण्डर
2. एक अदद एण्ड्रायड मोबाइल व एक अदद कीपैड मोबाइल
3.एक सरिया
4. एक चाकू
5.02 चाभी का गुच्छा
6.एक मोटरसाइकिल UP55AV 5730 होण्डा कम्पनी
7. थाना कठेला समयमाता के गांव विशुनपुर कला मे मौलाना आजाद हाईस्कूल से ताला तोडकर एक बैटरी, एक इन्वर्टर व एक एम्पलीफायर , सोलर कण्ट्रोलर , 02 पंखा, 04 माइक चोरी से सम्बन्धित, थाना चिल्हिया के गाव बरगदवा मे सडक के किनारे एक मकान के बरामदे मे सो रही महिला के शरीर से एक मंगलसूत्र , एक कान का झाला व एक मोबाइल फोन चोरी से सम्बन्धित व थाना चिल्हिया के ग्राम बरगदवा के देशी शराब भट्टी से चोरी के माल को बेचने पर मिले रुपये कुल 6500/-

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01. अब्दुल रहीम उर्फ कोहिनूर पुत्र अब्दुल कलाम निवासी ग्राम खुर्द बभनी थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास–**

1. मु0अ0स0 48/2025 धारा 3/5ए/8 गौ हत्या निवारण अधि0 , धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधि0 थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर ।

2. मु0अ0सं0 72/2026 धारा 305(e), 331(4), 317(2) BNS व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करनें वाली पुलिस टीम-**

01. थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर ।

02. उ0नि0 संतोष कुमार सिंह एंटी थेफ्ट टीम प्रभारी

03. . उ0नि0 दिलीप कुमार सोनी, राहुल गुप्ता थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर ।

04.हे0का0 इंन्द्रेश कुमार, जनार्दन प्रजापति, धर्मेन्द्र कुमार एंटी थेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

05.हे0का0 सुनील दत्त, शैलेन्द्र यादव थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर ।

06. का0 अभिनन्दन सिंह एंटी थेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

07. का0 सुरज कुमार, आनन्द निषाद थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर ।

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹ 35000/- को थाना इटवा साइबर टीम द्वारा शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया।**

दिनांक- 27.02.2026 को आवेदक कनीकराम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत संख्या- 33102260046346 के माध्यम से वित्तीय फ्राड होनें की शिकायत की गयी थी। डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में जिस पर थाना इटवा साइबर सेल टीम द्वारा बैंक के समन्वय से आवेदक कनीकराम को उपरोक्त फ्राड धनराशि 35000/- रुपये को ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से पीड़ित को दिनांक 05.08/2026 को उनके खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण**

1. संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
2. उ0नि0 नागेंद्र सिंह साइबर प्रभारी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
3. क0आ0 विपुल राय साइबर सेल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
4. का0 सतीश गौड़ साइबर सेल।
5. म0का0 श्रीयंका सिंह साइबर सेल।
6. म0का0 मंजू चौहान साइबर सेल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**◆रुट डायवर्जन जनपद सिद्धार्थनगर**

श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद अयोध्या से जनपद बस्ती आने वाले मार्ग पर दिनांक 07.08.2026 से दिनांक 11.08.2026 तक भारी वाहनों का आवागमन बस्ती की तरफ प्रतिबन्धित कराने तथा आवश्यकतानुसार अल्प सूचना पर पूर्णतः प्रतिबन्धित कराने के निर्देश दिये गये हैं।

उपरोक्त निर्देश के क्रम में श्रावण मास में कावंड यात्रा के दृष्टिगत जनपद सिद्धार्थनगर से जनपद बस्ती जाने वाले मार्ग पर दिनांक 07.08.2026 से 11.08.2026 तक भारी वाहनों के सम्बन्ध में निम्नानुसार रुट डायवर्जन रहेगा-

01.लोहरौली, थाना शिवनगर डिड़ई एवं अमौना पाण्डेय, थाना डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर-बस्ती बार्डर) से जनपद बस्ती की तरफ वाहनों का जाना प्रतिबन्धित रहेगा तथा आवश्यकतानुसार अल्प सूचना पर पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।

02. गोरखपुर, कैम्पियरगंज, मेंहदावल की तरफ से आने वाले वाहन-खेसरहा-माधव तिराहा, बांसी-पुलिस बूथ बांसी-बैदौला तिराहा, डुमरियागंज-बेवा तिराहा, डुमरियागंज होते हुये भड़रिया बार्डर से उतरौला, बलरामपुर की तरफ डायवर्ट किया जायेगा।

03. इसी प्रकार गोण्डा की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को भड़रिया बार्डर से बेवा तिराहा, डुमरियागंज-बैदौला तिराहा डुमरियागंज पुलिस बूथ बांसी-माधव तिराहा बांसी से खेसरहा होते हुये मेंहदावल, खलीलाबाद, गोरखपुर की तरफ डायवर्ट किया जायेगा।

04. जनपद बस्ती की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बस्ती से डुमरियागंज, उतरौला, गोण्डा के रास्ते बाराबंकी होते हुये लखनऊ की तरफ डायवर्ट किया जायेगा।

05. बढ़नी, शोहरतगढ़ से आने वाले ऐसे वाहन, जिनको अयोध्या की तरफ जाना है, वे वाहन थाना ढेबरुआ थानाक्षेत्र इटवा होते हुये बैदौला तिराहा बेवा तिराहा थानाक्षेत्र डुमरियागंज-उतरौला, जनपद बलरामपुर होते हुये अपने गन्तव्य की तरफ प्रस्थान करेंगे ।

# प्रेस नोट दिनांक 05.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 05.08.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।